भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5467

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

.....

अनस नदी पर बांध

5467. सुश्री दिया कुमारी:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या माही नदी की सहायक नदी अनस नदी पर बांध बनाकर आस-पास के क्षेत्रों में कृषि और पीने के पानी की आपूर्ति के संबंध में केन्द्र सरकार को राजस्थान सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) इस योजना के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि स्वीकृत और कितनी राशि व्यय की गयी है; और

(घ) इससे सिंचित क्षेत्र और पीने के पानी की आपूर्ति वाले संभावित क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (घ) जल संसाधन परियोजनाओं की आयोजना, उनका वित्तपोषण, निष्पादन और रखरखाव राज्य सरकारों द्वारा उनके खुद के संसाधनों और प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाना है। उनके प्रयासों को पूरा करने के लिए, भारत सरकार विभिन्न स्कीमों और कार्यक्रमों के माध्यम से जल संसाधनों के सतत विकास और प्रभावी प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी औ· वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

केंद्रीय जल आयोग द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, माही नदी की सहायक नदी अनस नदी पर बांध बनाकर निकटवर्ती क्षेत्रों में कृषि और पेयजल की आपूर्ति के संबंध में राजस्थान सरकार द्वारा कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

*****